# महाराष्ट्र मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड

## (नागपूर मेट्रो रेल प्रकल्प)

---

# प्रधानमंत्री के हस्ते आज सेन्ट्रल एवेन्यू कामठी मार्ग मेट्रो सेवा का शुभारंभ

## मोदी करेंगे मेट्रो परियोजना के द्वितीय चरण का भूमिपूजन



नागपुर: प्रधानमंत्री श्री। नरेन्द्र मोदी ११ दिसंबर को महामेट्रो की नागपुर मेट्रो रेल परियोजना के रिच - २ कामठी मार्ग तथा रिच - ४ सेन्ट्रल एवेन्यू मार्ग पर मेट्रो सेवा का शुभारंभ करेंगे। खापरी से ऑटोमोटिव चौक स्टेशन तथा प्रजापतिनगर से सीताबर्डी इंटरचेंज सेक्शन पर हरी झंडी दिखाकर ट्रेन रवाना करेंगे। महामेट्रो के फेस - २ (द्वितीय चरण ) का भूमिपूजन प्रधानमंत्री के हस्ते संपन्न होगा। उल्लेखनीय है , कि नागपुर मेट्रो रेल परियोजना के प्रथम चरण का कार्य पूरा हो चुका है। कुल ४०.१२ कि.मी. की अक़्वा और ऑरेंज लाइन पर यात्री सेवा के लिए ३८ मेट्रो स्टेशन है।

नागपुर मेट्रो रेल परियोजना के द्वितीय चरण में ३२ स्टेशनों का निर्माण किया जाएगा रेल मार्ग ४३.८ कि.मी. की दूरी तय करेंगे। उत्तर में कन्हान , दक्षिण में बूटीबोरी एमआईडीसी , पूर्व में ट्रांसपोर्टनगर (कापसी) तथा पश्चिम में हिंगना तक मेट्रो का संचालन होगा। इसके २ स्टेशन जमीनीस्तर पर तथा ३० स्टेशन ऊंचाई पर बनेंगे।

**प्रदर्शनी का अवलोकन करेंगे**

प्रधानमंत्री सुबह १० बजे जीरो माइल मेट्रो स्टेशन पहुंचेंगे और वहां प्रदर्शनी देखेंगे। वहां मेट्रो परियोजनाओं से जुड़े मॉडल रखे गए हैं। प्रधानमंत्री मेट्रो ट्रेन में सवार होंगे और उनका खापरी मेट्रो स्टेशन पर आगमन होगा। वे दो नए मार्गों पर मेट्रो ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे और नागपुर मेट्रो रेल परियोजना चरण-1 का लोकार्पण करेंगे।

रीच-II जो सीताबर्डी इंटरचेंज से ऑटोमोटिव चौक तक फैला हुआ है। इस रिच में गड्डीगोदाम चौक , नारी रोड, कड़बी चौक और ऑटोमोटिव चौक मेट्रो स्टेशन शामिल हैं। मार्ग की कुल लंबाई ५.८ किमी है। रीच-IV जो सीताबर्डी इंटरचेंज से प्रजापति नगर तक फैला है, उसमें रेलवे स्टेशन, दोसर वैश्य चौक , अग्रसेन चौक , चितारओली चौक, टेलीफोन एक्सचेंज, आंबेडकर चौक, वैष्णोदेवी चौक और प्रजापति नगर मेट्रो स्टेशन शामिल हैं। इसकी कुल लंबाई ८.३० किमी है।

उल्लेखनीय है कि २० अगस्त २०२१ को कस्तूरचंद पार्क और जीरो माइल फ्रीडम पार्क के दो मेट्रो स्टेशनों के साथ, सीताबर्डी इंटरचेंज और कस्तूरचंद पार्क के बीच १.६ किमी लंबा सेक्शन - रीच- II का हिस्सा - यात्री सेवा के लिए खोला गया था।

सीताबर्डी इंटरचेंज और खापरी मेट्रो स्टेशन के बीच ऑरेंज लाइन का उद्घाटन ७ मार्च २०१९ को किया गया था। सीताबर्डी इंटरचेंज और लोकमान्य नगर मेट्रो स्टेशन के बीच एक्वा लाइन पर २८ जनवरी २०२० को सेवा शुरू की गई थी।

रीच-II सेक्शन कामठी रोड के साथ साथ चलता है, कामठी मार्ग शहर की सबसे व्यस्त सड़कों में से एक है। रीच के प्रमुख और नवीनतम स्थलों में से एक चार स्तरीय परिवहन संरचना है, जिसमें गर्डर शामिल है। इसी वर्ष ४ फरवरी को स्थापित किया गया ।

चार स्तरीय परिवहन प्रणाली में मौजूदा सड़क और उस पर रेलवे ट्रैक शामिल है। उसके ऊपर हाईवे फ्लाई-ओवर और उसके ऊपर मेट्रो लाइन हैं। इस रिच में इतिहास रचा गया और ४ फरवरी २०२२ को गर्डर की लॉन्चिंग के साथ प्रमुख रिकॉर्ड रचे गए:

- भारतीय रेलवे ट्रैक पर ८०० टन भारी गर्डर का कार्य एक अनूठा रिकॉर्ड है।
- देश में पहली बार १,६७० टन क्षमता का ढांचा तैयार किया गया।
- कुल मिलाकर, ८०० टन गर्डर में ३२,००० हाइट स्ट्रेंथ फ्रिक्शन ग्रिप (एचएसएफजी) बोल्ट का इस्तेमाल किया गया। इसी तरह पूरे स्ट्रक्चर में ८०,००० बोल्ट का इस्तेमाल किया गया है।
- स्टील गर्डर का सबसे ऊपरी हिस्सा जमीन से ३२ मीटर की ऊंचाई पर है।
- भारतीय रेलवे के इतिहास में पहली बार रेलवे ट्रैक पर २२ मीटर चौड़ा स्टील गर्डर लॉन्च किया गया।
- देश में पहली बार इस तरह की 4-लेयर ट्रांसपोर्टेशन सिस्टम का निर्माण किया जा रहा है।

एक और प्रमुख संरचना की गई , जो नागपुर के लोगों के लिए आकर्षण बनी हुई है।यह है जीरो माइल फ्रीडम पार्क मेट्रो स्टेशन। इस स्टेशन का नाम भारतीय स्वतंत्रता की ७५ वीं वर्षगांठ के

उपलक्ष्य में रखा गया है, जिसे देश भर में आजादी का अमृत महोत्सव के रूप में मनाया गया । फ्रीडम पार्क में एक एम्फीथिएटर है, युद्धक टैंक यहा रखा गया है। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का इतिहास बताने वाली पट्टिका, सूचना केंद्र बनाया गया है।

जीरो माइल स्टेशन कि इमारत , २० मंजिला होगी जिसमें व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए जगह दी जाएगी। मेट्रो ट्रेन स्टेशन की पांचवीं मंजिल से होकर गुजरती है। संपत्ति विकास (पीडी) गतिविधि के हिस्से के रूप में, इलेक्ट्रॉनिक बाजार प्रस्तावित किया गया है और दुकानों के लिए स्थान आवंटित किए गए हैं।

रीच-IV सेक्शन सीताबर्डी इंटरचेंज से प्रजापति नगर मेट्रो स्टेशन तक है। मेट्रो लाइन सेंट्रल एवेन्यू के समानांतर चलती है। मेट्रो रूट के दोनों ओर इतवारी, महल जैसे बाजार हैं। सेंट्रल एवेन्यू पूर्व और पश्चिम नागपुर के बीच की मुख्य कड़ी है।

इस मार्ग पर मेट्रो स्टेशनों पर भित्ति चित्र और रचनात्मक कार्य चित्रित किए गए हैं। महा मेट्रो ने दोसर वैश्य मेट्रो स्टेशन पर भारतीयों को राष्ट्रीय ध्वज धारण करने वाली अद्वितीय कला को प्रस्तुत किया है । इसी तरह, चितारओली मेट्रो स्टेशन के पास मेट्रो स्तंभ पर शहर की पुरानी मारबत उत्सव की परंपरा को चित्रित किया गया है।

प्रमुख त्योहारों में से एक - पोला जो विशेष रूप से किसानों द्वारा मनाया जाता है जिसमें बैल की पूजा की जाती है और इस उत्सव को कॉटन मार्केट चौक मेट्रो स्टेशन के स्तंभ पर चित्रित किया गया है।

नागपुर रेलवे स्टेशन भी इसी सेक्शन पर स्थित है। इस प्रकार, मेट्रो स्टेशन, जो रेलवे स्टेशन के निकट है, जो यात्रियों को पूर्ण कनेक्टिविटी प्रदान करता है।

कामठी रोड पर , दुकानें, मार्केट ,सरकारी और निजी कार्यालय, होटल, बैंक तथा कई बस्तिया है ।

## नागपुर मेट्रो परियोजना प्रथम चरण एक नज़र में

- कुल परियोजना लंबाई - ४०.१२

- स्टेशनों की कुल संख्या - ३८
- जमीनीस्तर पर  - ३ तथा ऊंचाई पर ३५
- ऑरेंज लाइन  (रिच - १ और रिच - २ ) और एक्का (रिच - ३  और रिच - ४)
- सेन्ट्रल एवेन्यू  कॉरिडोर की लंबाई



१  उत्तर - दक्षिण २०.५४३ किमी

२  पूर्व-पश्चिम १९.४७९ किमी

**रिच - १ (सीताबर्डी इंटरचेंज से खापरी मेट्रो स्टेशन):**

- खापरी
- न्यू एयरपोर्ट
- साउथ एयरपोर्ट
- एयरपोर्ट
- उज्जवल नगर
- जयप्रकाश नगर
- छत्रपति चौक
- अजनी
- कांग्रेस नगर
- रहाटे कॉलोनी
- सीताबर्डी  इंटरचेंज

**रिच-III (सीताबर्डी इंटरचेंज से लोकमान्य नगर मेट्रो स्टेशन):**

- लोकमान्य नगर
- बंसी नगर
- वासुदेव नगर

- रचना रिंग रोड
- सुभाष नगर
- धरमपेठ कॉलेज
- एलएडी कॉलेज
- शंकर नगर चौक
- इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स
- झांसी रानी चौक
- सीताबर्डी इंटरचेंज